अमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुकगोत्रोऽहं अमुकशर्माहं आत्मनः पुत्रीविवाहसांगतासिद्ध्यर्थं श्रीयज्ञपुरुषनारायणप्रीत्यै चतुर्वस्त्राणि विष्णुदैवतो यथा नामगोत्राय ब्राह्मणाय वराय विष्णुरूपाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ॥

कन्या का पिता वे चारों वस्त्र वर को दे दे।

(वरः एकं वस्त्रं कन्यायै दद्यात्)

वर उसमें से एक धोती कन्या को नीचे लिखे मंत्र से दे।

ओं जराङ्गच्छ परिधत्स्व वासो भवा कृष्टीनामभिशस्ति पावा शतञ्च जीव शरदः सुवर्च्चारयिञ्च पुत्राननु संव्यय-स्वायुष्मतीदं परिधत्स्व वासः ॥

वर उस धोती को घुटने पर रख दे।

प्रेम दत्त शास्त्री
बुलन्दशहर (उ प्र०)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(वरो द्वितीयं वस्त्रं कन्यायै दद्यात्)

वर दूसरा वस्त्र कन्या को दे, नीचे लिखे मंत्र से--

ॐ याग्रकृन्तन्नवयं या अतन्वत याश्च देव्यस्तन्तूनभितस्ततन्थ ॥ तास्ता देवीर्जरसे संव्ययस्वायुष्मतीदं परिधत्स्व वासः ।

वर इस दुपट्टे को कन्या के सीधे कंधे पर रख दे ।

(वरस्तृतीयं वस्त्रं गृहीत्वा)

वर तीसरा वस्त्र अर्थात् धोती हाथ में ले, ये मंत्र पढ़े -

ॐ परिधास्यै यशोधास्यै दीर्घायुष्ट्वाय जरदष्टिरस्मि । शतञ्च जीवामि शरदः पुरूचीरायस्पोषमभिसंव्ययिष्ये ।

वर उस वस्त्र को अपने घुटने पर रखले ।

(वरश्चतुर्थवस्त्रम् गृहीत्वा) वर चौथा वस्त्र हाथ में ले । मंत्र-

ॐ यशसा माद्यावापृथिवीयशसेन्द्रा बृहस्पतिः यशोभगश्चमाविदद्यशो माप्रतिपद्यताम् (इति पठित्वोत्तरीयं परिधते)

इस दुपट्टे को अपने सीधे कन्धे पर रख ले ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पाधा वर कन्या दोनों को आचमन करावे। इस मंत्र से—

ॐ गंगाविष्णुः ३ ॥ तीन बार पढ़े।

(हस्तौ प्रक्षाल्य) फिर हाथ धो डाले। मंत्र—

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वाव० ॥

(ततः कन्याप्रदेन परस्परं समंजेथामितिप्रेषितयोः)

❀ (परस्परं सम्मुखीकरणम्)

वर और कन्या आपस में मुंह देख लें।

(वरो मन्त्रं पठेत्) वर इस मन्त्र को पढ़े।

ॐ समञ्जन्तु विश्वे देवाः समापो हृदया-
निनौ सम्मातरिश्वा संधाता समुदेष्ट्री
दधातु नौ ॥

(ततः कन्या प्रदकर्त्तृक ग्रन्थिबन्धनम्)

कन्यादाता और उसकी पत्नी वर-वधू का गठजोड़ा करते हुए वस्त्र के कोण में दूर्वा, चावल, दक्षिणा, दुपट्टे के पल्ले में बांधे।

×कन्या का मुख पूर्व की ओर वर पश्चिम को मुख करके कन्या का मुंह देखे। इस से आपस में मित्रता होती है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

[यजमानः कन्यावरयोर्हस्तलेपनं कुर्यात्]

कन्या का पिता, कन्या और वर के हाथों में हल्दी लगावे कन्या के दोनों हाथों में और वर के सीधे हाथ में।

मन्त्र—लक्ष्मीप्रिया च लक्ष्मीदा लक्ष्मीच सुजनप्रिया।
सौभाग्यदा वरस्त्रीणां हरिद्रे श्रीः सदास्तु मे ॥

वर कन्या दोनों के हाथों में दक्षिणा और कलावे का एक-एक सिरा दे।

[प्रथमं वरपक्षस्य पुरोहितः शाखोच्चारणं कुर्यात्]

पहले वर की तरफ से शाखोच्चार पढ़े।

ॐ श्रीमत्पंकजविष्टरो हरिहरौ वायुर्महेन्द्रो नलश्चन्द्रो भास्करवित्तपालवरुणाः प्रेताधिपाद्या ग्रहाः ॥ प्रद्युम्नो नलकूबरौ सुरगजश्चिन्तामणिः कास्तुभः। स्वामी शक्तिधरश्चलांगलधरः कुर्वन्तु वो मंगलम् ॥१॥ गौरी श्रीकुलदेवता च सुभगा भूमिः प्रपूर्णा शुभा। सावित्री च सरस्वती च सुरभिः सत्यव्रतारुन्धतिः ॥ स्वाहा जांबवन्ती च रुक्मभगिनी दुःस्वप्नविध्वंसिनी। वेला चाम्बुनिधेः समीनमकराः कुर्वन्तु वो मंगलम् ॥२॥ गंगा सिन्धु सरस्वती च यमुना गोदावरी नर्वदा। कावेरी सरयूमहेन्द्रतनया चर्मण्यवती वेदिका ॥ क्षिप्रा वेत्रवती महासुर-नदी ख्याता च या गण्डकी। पुण्याः पुण्यजलैः

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बुलन्दशहर (उ०प्र०)

समुद्रसहिताः कुर्वन्तु वो मंगलम् ॥३॥ लक्ष्मीकौस्तुभ-पारिजातकसुरा धन्वन्तरिश्चन्द्रमा। धेनुः कामदुघा सुरेश्वरगजो रम्भा च देवांगना ॥ अश्वः सप्तमुखो विषं हरिधनुः शंखोऽमृतं चांबुधेः। रत्नानीति चतुर्दश प्रतिदिनं कुर्वन्तु वो मंगलम् ॥४॥ नेत्राणां त्रितयं शिवं पशुपतेरग्नित्रयं पावनं। यद्विष्णोश्च पदत्रयं त्रिभुवनं ख्यातं च रामत्रयम्। गंगावाहपथत्रयं सुविमलं वेदत्रयं ब्राह्मणम्। संध्यानां त्रितयं द्विजैरभिहितं कुर्वन्तु वो मंगलम् ॥५॥ वाल्मीकिः सनकः सनन्दनमुनिर्व्यासो वशिष्ठोभृगु। जाबालिर्जमदग्निरामजनकौ गाधरो गौतमः ॥ मांधातात्रृतुपर्ण-वेणुसगरा धन्यो दिलीपो नलः पुरुयो धर्मसुतो ययाति नहुषः कुर्वन्तु वो मंगलम् ॥६॥ अश्वत्थो बटवृक्ष-चन्दनतरुर्मन्दारकल्पद्रुमो । जम्बूनिम्बकदम्बचूत-सरलावृक्षाश्च ये क्षीरिणः ॥ सर्वे ते फलमिश्रिताः प्रतिदिनं वैराजितं राजते। रम्यं चैत्ररथं सनन्दनवनं कुर्वन्तु वो मंगलम् ॥७॥ गंगागोमतिगोपतिर्गण-पतिर्गोविन्दगोवर्धनौ । गीता गोमयगौरिजागिरि-सुता गंगाधरो गौतमः ॥ गायत्रीगरुड़ो गदा गिरिगजा गम्भीर गोदावरी। गंधर्वग्रहगोपगोकुलगणाः कुर्वन्तु

पं० प्रेम दत्त शास्त्री
खुर्जा (बुलन्दशहर) उ०प्र०
Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वो ंगल ॥८॥ इत्युक्तं वरमंगलाष्टकमिदं संचिन्त्या-
नामास्थितम् । गंगासागरसंगमः प्रतिदिनं कुर्वन्तु वो
मंगलम् ॥९॥ (अथगोत्रोच्चारणम्)

फिर गोत्र और पीढ़ियों का उच्चारण करे ।

अद्याऽमुकगोत्रस्य अमुकप्रवरस्य अमुक-
शर्म्मणः प्रपोत्राय ॥ १॥ अद्याऽमुकगोत्रस्य
अमुकप्रवरस्य अमुकशर्मणः पौत्राय ॥२॥
अद्याऽमुकगोत्रस्यामुकप्रवरस्यामुक शमणः
पुत्राय ॥३॥

(त्रिवारं पठेत) इस प्रकार तीन बार पढ़े ।

(पुनः कन्यापक्षे शाखोच्चारणम्)

फिर कन्या का पुरोहित शाखोच्चार पढ़े जिस प्रकार वर के पुरोहित ने पढ़ा है फिर पीढ़ियों का उच्चारण करे ।

अद्याऽमुक गोत्रस्यामुकप्रवरस्यामुक
शर्म्मणः प्रपौत्रीम् ॥१॥ अद्यामुकगो-
त्रस्याऽमुकप्रवरस्यामुकशर्मणः पौत्रीम्॥२॥
अद्याऽमुकगोत्रस्यामुकप्रवरस्यामुकशर्मणः
पुत्रीम् ॥३॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(त्रिवारं पठेत) इस प्रकार तीन बार पढ़े।

(कन्यावरयोरुपरि-अक्षतान् क्षिपेत)

पाधा नीचे लिखे मन्त्र से वर कन्या पर चावल छोड़े।

शुल्कांवरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतुर्भुजं॰

(कन्यायाः पिता निजपुत्रीं संकल्पयेत्)

कन्या का पिता कन्या का संकल्प अपनी स्त्री से गठजोड़ा करते हुए करे या एक पैसा छुवाकर मंगाले।

(दाता शंखस्थदूर्वाक्षत फलपुष्पचंदन जलान्यादाय जामातृदक्षिणकरोपरि कन्यादक्षिणकरं निधाय)

कन्या का पिता ये सामग्री शंख, चन्दन, दूर्वा चावल, फूल, फल और दक्षिणा अपने हाथ में ले, कन्या के सीधे हाथ के अंगूठे को अपने सीधे हाथ में थामे और उसे (वर के सीधे हाथ में पकड़ाते हुए ये मन्त्र पढ़े—

दाताऽहं वरुणोराजाद्रव्यमादित्य देवतम्। वरोऽसौविष्णुरूपेण प्रतिगृह्णा-त्वियंविधिः॥

(वरस्य वामहस्ते द्रव्यं धृत्वा)

वर के बायें हाथ के नीचे यथा शक्ति पैसे धर संकल्प करे।

×कन्या का पिता वर से कन्यादान स्वीकार करने की प्रार्थना करने की प्रार्थना करे और वर अपना सीधा हाथ कन्या दान लेने को फैलाये।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कन्यादान-संकल्पः

ॐ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः ॐ नमः परमात्मने श्रीपुराणपुरुषोत्तमाय नाभ्याश्रीयणस्य नाभिकमलोद्भूतसकललोकपितामहेन ऐरावतपुण्डरीक श्रीकूर्मवाराह सप्तद्वीपमण्डितायां पृथिव्यां जम्बूद्वीपे भरतखण्डे निखिलजनपावने आर्य्यावर्तैकदेशे बहुक्षेत्रान्विते भरतखण्डे श्रीगङ्गा-यमुना-सरस्वती-गोदावरी-नर्मदा सरयू बहुतीर्थसम्पन्ने पावनविष्णुलोकरुद्रलोक ध्रुवलोक निवास सिद्ध्यर्थं श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे युगे कलियुगे कलिप्रथमचरणे पुण्यामुकक्षेत्रे शुभसम्वत्सरे अस्मिन् अमुकायने गतसूर्य्येऽमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे

× इस समय अपने कुटुम्ब या रिश्तेदारी के मनुष्य या स्त्री जो कुछ कन्यादान में द्रव्य दान देना चाहें अपने अपने हाथ में ले लें और अपने गोत्र का नाम और अपना नाम लेकर संकल्प के बाद वर को दे दें।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अमुकऋतौ अमुकनामनक्षत्रे यथायोग-करणमुहूर्ते वर्तमानचन्द्रतारानुकूले एवं ग्रहगुणविशिष्टायां अस्यां पुण्यवेलायां अमुकगोत्रो अमुकराशिः अमुकशर्म्मा सपत्नीकोऽहं अमुकगोत्रस्य यथोक्तप्रवरस्य अमुकवेदिनो अमुकशाखिनोऽमुकसूत्रिणो-ऽमुकशर्म्मणः प्रपौत्राय ॥१॥ अमुकगोत्रस्य यथोक्तप्रवरस्य अमुकवेदिनो अमुक-शाखिनो अमुकसूत्रिणो अमुकशर्म्मणः पौत्राय ॥२॥ अमुकगोत्रस्य यथोक्तप्र-वरस्य अमुकवेदिनो अमुकशाखिनो अमुकसूत्रिणो अमुकशर्मणः पुत्राय ॥३॥ त्रिवारं पठेत् ❀

वर का पुरोहित इस प्रकार तीन वार पढ़े ।

अमुकगोत्रस्य यथोक्तप्रवरस्य अमुक-वेदिनो अमुकशाखिनो अमुकसूत्रिणो अमुकशर्म्मणः प्रपौत्रीम् ॥१॥

अमुकगोत्रस्य यथोक्तप्रवरस्य अमुक वेदिनोऽमुकशाखिनः अमुकसूत्रिणो अमुक-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शर्म्मणः पौत्रीम् ॥२॥ अमुकगोत्रस्य यथोक्तप्रवरस्य अमुकवेदिनो अमुक-शाखिनो अमुकसूत्रिणो अमुकशर्म्मणः पुत्रीम् ॥३॥ त्रिवारं पठेत् ॥

कन्या का पुरोहित इस प्रकार तीन बार पढ़े—

इमां कन्यां सालङ्कारां स्वर्णजटित-मणिमौक्तिकविद्रुमाहितधौतरक्तपीत-कौशेय शोभितां ताम्बूलपूगोफला-गुरु--कर्पूर--श्रीखण्ड--कस्तूरिका--कुंकुम--लवगं- जातिफल--चम्पक-- मालतीकुसुम-राज- विविधफल--तूलकादि- रौप्यकांस्य-ताम्रमृण्मयभाण्डादीनां गोवृषमहि-ष्युष्ट्राजादिकादासदासीनां ग्रामादीनां अन्नपानलवणसर्वोपस्करसहितां यथा-शक्तिहिरण्यमग्निदैवतं कांस्यपात्रसोम-दैवतं ताम्रपात्रमर्कदैवतम् व्यञ्जनकं वायुदैवतं अश्वमादित्यदैवतं गोवृषं रुद्र-दैवतं दासदासी प्रजापतिदैवतं वा शय्यां

× पहिले वर के पड़बाबा और बाबा तथा पिता का नाम ले, फिर कन्या की तीन पीढ़ी का उच्चारण करे। इस प्रकार तीन बार कहे।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तूलकानानाविधं इन्द्रदैवतम् मूलं नागदैवतं ग्रामं प्रजापतिदैवतं महिषी धर्मदैवतं वासो बृहस्पतिदैवतं मणि-मौक्तिकं रुद्रदैवतं सर्वोपस्करं विष्णु-दैवतं महद्वस्त्रद्वयावृतां विवाहदीक्षितां प्रजापतिदैवतं शत जन्मब्रह्मलोकनिवासार्थं एतानि वस्तूनि यत्किंचित्प्रत्यक्षं अमुक-गोत्रायामुकनाम्ने वराय विष्णुरूपाय पत्नीत्वेन तुभ्यमहं संप्रददे ।

फिर कन्या का पिता कन्या का हाथ और सब वस्तु वर के हाथ में दे दे, वर ऐसा कहे (ओं स्वस्ति) फिर वर पैसों पर से अपना हाथ उठाले और वह पैसे गुजराती या पड़िये को उठवादे ।

(कन्यादानप्रतिष्ठासंकल्पः)

फिर कन्या का पिता कन्यादान प्रतिष्ठा का संकल्प करे यथा-शक्ति दक्षिणा, जल, अक्षत, लेकर और लोग या स्त्री भी जो कुछ कन्यादान में देना चाहें वे भी संकल्प करे ।

अद्याऽमुकगोत्रोहममुकशर्माहं कृतैतत् कन्यादान-प्रतिष्ठा-सांगताफल-प्राप्त्यर्थं हिरण्यमग्निदैवतं अमुकगोत्राय अमुक-नाम्ने वरायामुकशर्म्मणे ब्राह्मणाय

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विष्णुरूपाय इमां दक्षिणां तुभ्यमहं सम्प्रददे ॥ वर को देवे।

(ततो वर इमं मन्त्रं पठेत)

वर यह मन्त्र अपने मुख से उच्चारण करे अर्थात् पढ़े।

ॐ कोदात्कस्माऽअदात् कामोदात् कामायादात्। कामो दाता कामः प्रतिगृहीता कामैतत्ते (कन्यापिता प्रार्थनां कुर्यात्)

कन्या का पिता हाथ जोड़े और पाधा नीचे लिखे मन्त्र पढ़े।

कन्यां कनकसम्पन्नां वस्त्राभरणैर्युताम्। दास्यामि विष्णवे तुभ्यं ब्रह्मलोकजिगीषया ॥ ऋषयः सर्वभूतानां साक्षिणः सर्वदेवताः। इमां कन्यां प्रदास्यामि पितॄणां तारणाय च ॥२॥ कन्यादानं महादानं सर्वदाने सुदुर्लभम्। तदद्य दैवयोगेन त्वं गृहाण वरोत्तम ॥३॥ गौरी कन्यामिमां विप्र यथाशक्तिविभूषिताम्। गोत्राय शर्मणे तुभ्यं दत्तां विप्रः समाश्रय ॥४॥ मम वंशसमुद्भूताह्यष्टवर्षाणि पालिता। तुभ्यं वर मया दत्ता पुत्रपौत्र प्रवर्द्धिनी ॥५॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(कन्यापुरोहिताय वरो भार्याप्रतिग्रहदोषनिवारणार्थं गोदानं ददाति) ब्राह्मणों के यहां शुक्लों को दक्षिणा देवे। वर कन्या के पुरोहित को दान दे। (गोदान संकल्पः)

अद्येत्यादिमासानां मासोत्तमेमासे० अमुकगोत्रोहं अमुकनामाहं भार्य्या-प्रतिग्रहदोषनिवारणार्थं इमां गां सवत्सां गोविन्ददैवतं यथावस्तुयथोपस्कर सहितां तरुणीरूपसंयुक्तां सुशीलां च पयस्विनीं कामद्दीं वातन्निष्क्रयिणीं दक्षिणां हरिएयमग्निदैवतं रजतचन्द्रदैवतं अमुकगोत्राय अमुकशर्म्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं संप्रददे।

(गोदानप्रतिष्ठासंकल्पः)

गोदान प्रतिष्ठा का संकल्प करे, जल चावल, दक्षिणा लेकर। *

गोदानप्रतिष्ठासिद्ध्यर्थं ताम्रमर्कदैवतं यथानाम गोत्राय ब्राह्मणाय तुभ्यमहंसम्प्रददे ब्राह्मण को दे दे।

× ब्राह्मण और शुक्ल के यहां दक्षिणा भी देनी चाहिए।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(वैश्यगृहे आश्रिताय वत्सरीं दद्यात्)

वैश्य के यहां आश्रित को बछिया देवे।

(पुनः भूयसीं दक्षिणां दद्यात्)

वर ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दे, फिर पाधा वर-कन्या दोनों पर चावल छोडे, नीचे लिखे मन्त्र से।

मंत्रार्थाः सफलाः सन्तु पूर्णाः संतु मनोरथाः। शत्रूणां बुद्धिनाशाय मित्राणामुदयस्तव॥ (कन्यावरयोर्वस्त्रग्रन्थिपूजनम्)

वर कन्या दोनों के वस्त्रों की प्रतिष्ठा पूजन करे।

एतन्ते देव०॥ पूजन करे। यम्ब्रह्म वेदा०

(मंत्रेण ग्रन्थिबन्धनम्)

पाधा, वर कन्या दोनों के वस्त्रों की गांठ बांध दे। मन्त्र--

गणाधिपं नमस्कृत्य उमां लक्ष्मीं सरस्वतीम्। दम्पत्यो रक्षणार्थाय पटग्रन्थिं करोम्यहम्। श्रीदेवदेवः कुरु मंगलानि सन्तानवृद्धिंकुरु सन्ततञ्च। धनायुवृद्धिं कुरु इष्टदेवःमद्ग्रन्थिबंधे शुभदा भवन्तु॥

(ततस्तां पाणौ गृहीत्वा)

वर कन्या के सीधे हाथ थाम कर यह मन्त्र पढ़े।

ॐ यदपि मनसा दूरं दिशोनुपव-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मानोवा । हिरण्यपर्णो वैकर्णः स त्वा मन्मनसां करोतु ॥ [श्रीअमुकदेवी] ❀

(ततो वेदीं दक्षिणस्यां दिशि वारिपूर्णदृढ़कलश मूर्ध्व तिष्ठतो मौनिनः पुरुषस्य स्कन्धे अभिषेकपर्यन्तं धारयेत्)

एक कलश में जल भरे और पञ्च पल्लव रख कर वेदी से दक्षिण दिशा में ब्राह्मण खड़ा हो जावे और कन्धे के बराबर उस कलश को रक्खे और चुपचाप मार्जन के समय तक मौन खड़ा रहे।

अथ कुशकण्डिकाकरणम्

(ब्राह्मणवरणसंकल्पः)

वर एक पान पर रोली, चन्दन, चावल, कलावा दक्षिणा पुष्प रखकर संकल्प करे।

अद्येत्यादिमासानां मासोत्तमे मासे० अमुक गोत्रोऽहं अमुकशर्म्माहमद्यकर्तव्यविवाहोमकर्म्मणि कृताकृतावेक्षणरूप ब्रह्मकर्म्म कर्तुममुकगोत्रममुकशर्म्माणं ब्राह्मणमेभिः पुष्पचन्दनताम्बूलवासोभिर्ब्रह्मत्वेन होतृत्वेन च त्वामहं वृणे।

× इस समय वर को कन्या का जो नाम हो उसे लेना चाहिए।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उस पान पर से कलावा लेकर जो ब्राह्मण ब्रह्मा बने उसके पौची बांधे।

ॐ व्रतेन दीक्षामाप्नोति० ॥

(तिलकम्) पान की रोली से तिलक करे।

नमोब्रह्म० ॥ [वृतोस्मीति प्रतिवचनम्]

हां मेरा वरण हो चुका, ऐसा ब्राह्मण कहे।

(यथाविहितं कर्म्म कुरु इति वरेणोक्ते)

वर पाधा से ऐसा कहे कि जिस प्रकार शास्त्र में लिखा है उसी प्रकार सब कर्म कराओ।

(करवाणीति ब्राह्मणो वदेत्)

पाधा ऐसा कहे जिस प्रकार शास्त्र में लिखा है उसी प्रकार सब कर्म कराऊंगा।

(ततोऽग्नेर्दक्षिणतः शुद्धमासनं दत्वा)

अग्नि से दक्षिण दिशा में ब्रह्मा के आसन के लिए ढाक का पत्ता धरे।

(कुशाऽभावे सर्वत्र कार्ये दूर्वा ग्राह्या लोकाचारयोरपि)

(तदुपरि प्रागग्रान कुशानास्तीर्य्य)

उस पत्ते के ऊपर कुशा धरे पूर्व को मुंह करके।

(ब्रह्माणमग्निप्रदक्षिणक्रमेणानीय अत्र त्वं मे ब्रह्मा भवेत्यभिधाय कल्पितासने उपवेशयेत्)

५० कुशाओं का ब्रह्मा बनावे उस ब्रह्मा को अग्नि की परिक्रमा करा उसे पत्ते की कुशा के ऊपर उत्तर को मुंह करा कर उस आसन पर रख दे।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(ततः प्रणीतापात्रं पुरतः कृत्वा, वारिणा परिपूर्य, कुशैराच्छाद्य, ब्रह्मणो मुखमवलोक्य, अग्नेरुत्तरतः कुशोपरि निदध्यात्)

एक सकोरे में जल भरे फिर उस सकोरे को कुशाओं से ढक कर ब्रह्मा की तरफ देखकर फिर अग्नि से उत्तर की तरफ एक कुशा धर कर उसके ऊपर सकोरा धरे।

(ततः परिस्तरणम्) वेदी के चारों ओर कुशा धरे।

(बर्हिषश्चतुर्थभागमादाय)

६४ कुशा में से सोलह कुशा लेकर इस प्रकार धरे।

(आग्नेयादीशानान्तम्)

आग्नेय से ईशान दिशा तक चार कुशा धरे।

(ब्रह्मणोऽग्निपर्यन्तम्)

ब्रह्मा से अग्नि तक चार कुशा धरे।

(नैर्ऋत्याद्वायव्यान्तम्)

नैर्ऋत्य से वायव्य दिशा तक चार कुशा धरे।

(अग्नितः प्रणीतापर्यन्तम्)

अग्नि से प्रणीता पात्र तक चार कुशा धरे।

(ततोऽग्नेरुत्तरतः पश्चिमदिशि पवित्रछेदनार्थं कुशत्रयम्)

अग्नि से उत्तर की ओर पश्चिम दिशा में तीन कुशा पवित्र छेदन के लिए धरे।

(पवित्रकरणार्थं साग्रमनन्तर्गर्भं कुशपत्रद्वयम्)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तीन कुशा के नीचे की कुशा निकाल कर दो पत्रों वाली कुशा वेदी से उत्तर में पवित्री बनाने के लिए धरे।

(प्रोक्षणीपात्रम्)

एक सकोग उत्तर में प्रोक्षणी पात्र के लिए धरे ।

(आज्यस्थालीसम्मार्जनार्थं कुशत्रयम्)

एक घी का पात्र और ३ कुशाएं वेदी से उत्तर में मार्जन के लिए धरे ।

(उपयमानार्थं वेणीरूपकुशत्रयम्)

उपयमन के लिए तीन कुशा बट कर उत्तर में रक्खे।

(प्रादेशमात्र-समिधस्तिस्रः)

अंगूठे से उसके पास की उंगली के बराबर तीन समिधा उत्तर में धरे (स्रुवः आज्यम्) उत्तर में स्रुवा और घी धरे ।

(षट्पंचाशदुत्तरवरमुष्टिशतद्वयावच्छिन्नतण्डुल पूर्ण-पात्रम्) एक पात्र में वर दो सौ छप्पन मुट्ठी चावल भर या यथा शक्ति लोटे में भर कर पूर्णपात्र उत्तर में धरे ।

(पवित्रच्छेदनकुशानां पूर्व-पूर्व दिशिक्रमेणासादनीयम्) पवित्र छेदन कुशाओं से पूर्व-पूर्वदिशा में सब वस्तु रखता जाय ।

(अथ तस्यामेव दिशि असाधारणवस्तून्युपकल्पनीयानि तत्र शमीपलाशामिश्राः लाजाः)

उसी दिशा में और भी वस्तुयें ढाक या आम की या शमी की समिधा * धरे और लाजा (खील) धरे ।

(दृषदुपलं कुमारी भ्राता सूर्पः दृढ़पुरुषः । अन्यदपि तदुपयुक्तमालेपनादि द्रव्यम्)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दृषदुपल नाम का एक पत्थर का बाट, कन्या का भाई बिना तांत का छाज, दृढ़ पुरुष और भी लेपनादि वस्तु धरे।

(ततः पवित्रच्छेदनकुशैः पवित्रे छित्वा प्रादेशमात्रं पवित्रकरणम्) पवित्र छेदन कुशाओं से पवित्र छेदन करके बालिश्त लम्बी पवित्री बनावे, पवित्र करने के लिए।

(ततः सपवित्रकरेण प्रणीतोदकं त्रिःप्रोक्षणीपात्रे निधाय)

पवित्री सहित हाथ करके प्रणीता का जल तीन बार प्रोक्षणी पात्र में डाले।

(अनामिकांगुष्ठाभ्यां उत्तराग्रे पवित्रे गृहीत्वा)

पाधा अनामिका कन-उंगली के धोरे की उंगली और अंगूठे में पवित्री ले।

(त्रिरुद्गिनम् अनामिका और अंगूठे से प्रणीता के जल को तीन बार उछाले।

(प्रणीतोदकेन त्रिःप्रौक्षणीप्रोक्षणम्)

प्रणीता का जो जल है उसे प्रोक्षणी पात्र में तीन बार करे।

(ततः प्रोक्षणीजलेन यथासादितवस्तुसेचनम्)

पवित्र से प्रोक्षणी पात्र के जल का सब चीजों पर छींटा लगावे।

(ततोऽग्निप्रणीतयोर्मध्ये प्रोक्षणीपात्रं निधाय)

अग्नि और प्रणीता के बीच में प्रोक्षणी पात्र रखकर।

× अंगूठे और उस के पास की उंगली को फैलाकर प्रादेश कहलाता है

❀ वे समिधा इतनी लम्बी होनी चाहिये जो ऊपर लिख आये हैं।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(आज्यस्थाल्यामाज्यनिर्वापः)

घी के कटोरे में घी रक्खे और उसमें यह भी देख ले कि कोई अशुद्ध वस्तु न पड़ी हो।

(ततोऽधिश्रयणम्) घी का कटोरा अग्नि पर रक्खे।

(ततोज्वलत्तृणादिना हविर्वेष्टयित्वा प्रदक्षिणक्रमेण वह्नौ तत्प्रक्षेपः)

एक कुशा को जलाकर वेदी और घृत के चारों ओर दाहिनी ओर को फिरा कर अग्नि में डाल दे।

(पर्यग्निकरणम्) अग्नि को चेतन करदे।

(ततः स्रुवप्रतपनं कृत्वा) स्रुवे को अग्नि में तपाकर।

(सम्मार्जनकुशानामग्रैरन्तरतो मूलैर्बाह्यतः)

सम्मार्जन कुशाओं को लेकर अग्रभाग से स्रुवे के आदि मध्य और अन्त में लगावे।

(स्रुवं संमृज्य प्रणीतोदकेनाभ्युक्ष्य)

प्रणीता के जल का स्रुवे पर छींटा देकर।

(पुनः प्रतप्य स्रुवं दक्षिणतो निदध्यात्)

फिर स्रुवे को तपाकर कुशा के ऊपर दक्षिण में धरे।

(तत आज्यस्याग्नेरवताणम्)

घी के पात्र को अग्नि पर से उतार ले।

(तत आज्यस्य प्रोक्षणीवदुत्पवनम्)

फिर तीन बार घी को ऊपर उछाले।

(अवेक्ष्य सत्यपद्रव्ये तन्निरसनम्)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

घृत में देखले कि कोई अशुद्ध वस्तु तो नहीं पड़ी है। पड़ी हो तो निकाल दे।

(पुनः पूर्ववदुत्पवनम्)

फिर घी को तीन बार ऊपर को उछाले।

(ततः उपयमनकुशान्वामहस्तेनादाय)

उपयमन जो कुशा है उनको वहां से बांये हाथ में उठाले।

(उत्तिष्ठन् प्रजापतिं मनसा ध्यात्वा)

फिर पाधा उठकर प्रजापति भगवान् का ध्यान करे।

(तूष्णीमग्नौ घृताक्ताः समिधस्तिस्रः क्षिपेत्)

पाधा चुपचाप मौन होकर तीन समिधा घृत में भिगो कर अग्नि में छोड़ दे।

(तत उपविश्य सपवित्रः)

पवित्री हाथ में लिये हुए कर्मकर्ता बैठ जाय।

(प्रोक्षण्युदकेन प्रदक्षिणक्रमेणाग्निपर्युक्षणं कृत्वा)

पवित्री से प्रोक्षणी के जल का छींटा अग्नि के चारों तरफ लगादे।

(प्रणीतापात्रे निधाय)

प्रणीतापात्र में पवित्री धरे।

(पातितदक्षिणजानुः)

सीधा घोटा निवावें।

(कुशेन ब्रह्मणान्वारब्धः)

अपने सीधे घुटने से ब्रह्मा तक कुशा मिलाले।

(समिद्धतमेऽग्नौस्रुवेणाज्याहुतिर्जुहोति)

सीधे हाथ में स्रुवे को लेकर प्रचण्ड अग्नि में घी डाले।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तत्राघारादारभ्य द्वादशाहुतिषु तत्तदाहुत्यनन्तर स्रुवावस्थितहुतशेषघृतस्य प्रोक्षणीपात्रे प्रक्षेपः ।

अब पाधा स्वाहा करावे और आहुति के बाद स्रुवे का कुछ घी प्रोक्षणीपात्र में ही डालता जावे ।

ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये ।

(इतिमनसा) यह आहुति मन से देवे ।

ॐ इन्द्राय स्वाहा-इदमिन्द्राय ।

(इत्याधारौ)

इन आहुतियों का नाम ही आधार है ।

ओं अग्नये स्वाहा-इदमग्नये ।

ओं सोमाय स्वाहा-इदं सोमाय ।

(इत्याज्यभागौ) ये दो आज्यभाग नामक आहुति हैं

ओं भूः स्वाहा-इदमग्नये । ॐभुवः स्वाहा इदं वायवे । ॐ स्वः स्वाहा-इदं सूर्याय ।

(एतामहाव्याहृतयः)

ये तीन महाव्याहृति नामक आहुति हैं ।

ओं त्वन्नो अग्ने वरुणस्य विद्वान देवस्य हेडो अवयासिसीष्ठाः । यजिष्ठो वह्नितमः शोशुचानो विश्वा द्वेषांसि प्रमुमुग्ध्यस्मत्स्वाहा ॥ (इदमग्निवरुणाभ्याम्) ॥१॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ओं स त्वन्नो अग्ने घमो भवोती नेदिष्ठो अस्या उषसो व्युष्टौ। अवयद्ब नौ व्वरुण ँ ररणो व्रीहिमृडीक ँ सुहवो न एधि स्वाहा॥ (इदमग्निवरुणाभ्याम्) ॥२॥ ओं अयाश्चाग्नेस्यनभिशस्तिपा (व) श्चसत्यमित्वमयासि । अया नो यज्ञं वहास्ययानो धेहि भेषज ँ स्वाहा-इद-मग्नये० ॥ ३ ॥ ओं येते शतं वरुण ये सहस्त्रं यज्ञियाः पाशा वितता महान्तः। तेभिर्नो अद्यस वितोत विष्णुर्विश्वे मुञ्च-न्तु मरुतः स्वर्काः स्वाहा। इदम्वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो मरुद्भ्यः स्व-र्केभ्यः ॥ ४ ॥ ओं उदुत्तमंवरुण पाशम-स्मदवाधमं विमध्यम ँ श्रथाय। अथा व्वयमादित्य व्रते तवानागसो अदितये स्याम स्वाहा। इदं वरुणाय० ॥५॥

(एताः सर्वाःप्रायश्चित्तसंज्ञकाः)

इनका नाम सर्वप्रायश्चित्त आहुति हैं। अब प्रोक्षणी पात्र में घी न डालें।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(ततोन्वारब्धं बिना)

घुटने से ब्रह्मा तक मिली हुई कुशा हटाकर ये आहुति दे।

ॐ प्रजापतये स्वाहा-इदं प्रजापतये।
ॐ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा-इदमग्नये स्विष्टकृते। (उदकोपस्पर्शनम्)

यह दो आहुति देकर, जल को हाथ लगावे।

(अथ राष्ट्रभृत्) ये राष्ट्रभृत् आहुति हैं।

ॐ ऋतापाड्ऋत धामाग्निर्गन्धर्वः सनऽइदम्ब्रह्मक्षत्रम्पातु तस्मै स्वाहा वाट्। इदमृतासाहे ऋताधाम्नेअग्नये गन्धर्वाय०
ॐ ऋतापाड्ऋतधामाग्निर्गन्धर्वस्तस्यौषधयोऽप्सरसोमुदोनाम ताभ्यः स्वाहा। इदमोषधिभ्योऽप्सरोभ्योमुद्भ्यः०।

ॐसँ हितो विश्वसामा सूर्य्यो गन्धर्वः सनऽइदम्ब्रह्मक्षत्रम्पातु तस्मै स्वाहा वाट्। ॐ इदं सँ हिताय विश्वसाम्ने सूर्य्याय गन्धर्वाय०। ॐ सँ हितो विश्वसामा सूर्य्यो गन्धर्वस्तस्यमरीचयोऽप्सरस आयुवो नाम ताभ्यः स्वाहा। इदं मरीचिभ्योप्स-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रोभ्य आयुवोभ्यः । ॐ सुषुम्णः सूर्यरश्मि-
श्चन्द्रमा गन्धर्वः । स न इदं ब्रह्मक्षत्त्रं
पातु तस्मै स्वाहा वाट् । इदं सुषुम्णाय
सूर्यरश्मये चन्द्रमसे गन्धर्वाय० । ओं
सुषुम्णः सूर्यरश्मिश्चन्द्रमागन्धर्वस्तस्य
नक्षत्राण्यप्सरसो भेकुरयो नाम ताभ्यः
स्वाहा । इदं नक्षत्रेभ्योऽप्सरोभ्यो भेकुरिभ्यः
ओं इषिरोव्विश्वव्यचा व्वातो गन्धर्वः स
नऽइदम् ब्रह्मक्षत्त्रम्पातु तस्मै स्वाहा वाट् ।
इदमिषिरायव्विश्वव्यचसे वाताय० ॥ ओं
इषिरो व्विश्वव्यचाव्वातो गन्धर्व्वस्तस्या
पोऽप्सरस ऊर्ज्जोनाम ताभ्यःस्वाहा इदमद्
भ्योऽप्सरोभ्य ऊर्ग्भ्यः० । ओंभुज्युः सुपर्णो
यज्ञो गन्धर्व्वः सन इदम्ब्रह्मक्षत्त्रम्पातु
तस्मै स्वाहा वाट् । इदं भुज्यवे सुपर्णाय
यज्ञाय गन्धर्व्वाय० ॥ ओं भुज्युः सुपर्णो
यज्ञो गन्धर्वस्तस्य दक्षिणा अप्सरसस्तावा-
नाम ताभ्यः स्वाहा । इदम् दक्षिणाभ्यो
ऽप्सरोभ्य स्तावाभ्याः० ॥ ओं प्रजापति-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विश्वकर्मा मनो गन्धर्व्वः सन इदं ब्रह्म क्षत्रं पातु तस्मै स्वाहा वाट्। इदं प्रजापतये विश्वकर्मणे मनसे गन्धर्वाय०। ओं प्रजापतिर्व्विश्वकर्म्मा मनोगन्धर्व्वस्तस्य-ऽऋक्सामान्यप्सरसऽएषयो नाम ताभ्यः स्वाहा। इदं ऋक्सामभ्योऽप्सरोभ्यः एष्ठिभ्यः०। (इति राष्ट्रभृत्)

ये राष्ट्रभृत् नाम से आहुति हैं।

❀ (अथ जयाहोम) ओं चित्तञ्च स्वाहा इदं चित्ताय० ॥१॥ ओं चित्तिश्च स्वाहा इदं चित्यै० ॥२॥ ओं आकूतं च स्वाहा इदंमाकूताय० ॥३॥ ओं आकूतिश्च स्वाहा इदमाकूत्यै०। ४॥ ओं विज्ञातं च स्वाहा इदं विज्ञाताय० ॥५॥ ओं विज्ञातिश्च स्वाहा इदं विज्ञात्यै० ॥६॥ ओं मनश्च स्वाहा इदं मनसे० ॥७॥ ओं शक्वर्यश्च स्वाहा इदं शक्वरीभ्यः० ॥८॥ ओं दर्शश्च स्वाहा इदं दर्शाय० ॥९॥ ओं पौर्णमासञ्च स्वाहा

तेरह आहुतियों के नाम जया होम हैं।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इदं पौर्णमासाय० ॥१०॥ ओं बृहच्च स्वाहा इदं बृहते० ॥११॥ ओं रथंतरं च स्वाहा इदं रथन्तराय ॥१२॥ ओं प्रजापतिर्जया-निन्द्रायवृष्णः प्रायच्छदुग्रः पृतनाजयेषु। तस्मै विशः समनंत सर्वाः स उग्रः सइ-हव्यो बभूव स्वाहा इदं प्रजापतये० ॥१३॥

(इति जया होमः)इनका जया नाम आहुति है।

(अथाभ्यातानहोमः) ओं अग्निर्भूता-नामाधिपतिः समावत्वस्मिन् ब्रह्मण्यस्मिन् क्षत्रे स्यामाशिष्यस्यां। पुरोधायामस्मिन्क-र्मण्यस्यां देवहूत्याँ स्वाहा। इदमग्नये भूतानामधिपतये० ॥१॥ ओं इन्द्रो ज्येष्ठा नामाधिपतिः समावत्वस्मिन् ब्रह्मण्यस्मिन् क्षत्रेऽस्यामाशिष्यस्यां पुरोधायामस्मिन् कर्मण्यस्यांदेवहूत्या ँ स्वाहा। इदमि-न्द्राय ज्येष्ठानामधिपतये० ॥२॥ ओं यमः पृथिव्याअधिपतिः समावत्वस्मिन्ब्रह्मण्य-स्मिन क्षत्रे स्यामाशिष्यस्यां पुरोधाया-मस्मिन् कर्मण्यस्यांदेवहूत्या ँ स्वाहा। इदं यमाय पृथिव्या अधिपतये० ॥३॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(अथ प्रणीतोदकस्पर्श) प्रणीता जल को छूवे ।

ओं वायुरन्तरिक्षस्याधिपतिः समावत्वस्मिन् ब्रह्मण्यस्मिन्क्षत्रे स्यामाशिष्यस्यां पुरोधायामस्मिन्कर्मण्यस्यां देवहूत्या स्वाहा। इदंवायवेऽन्तरिक्षस्याधिपतये०॥४॥ ओं सूर्योदिवा अधिपतिः समावत्वस्मिन् ब्रह्मण्यस्मिन् क्षत्रे स्यामाशिष्यस्यां पुरोधायामस्मिन्कर्मण्यस्यां देवहूत्या स्वाहा। इदं सूर्य्याय दिवा अधिपतये०॥५॥ ओं चन्द्रमा नक्षत्राणाकधिपतिः समावत्वस्मिन् ब्रह्मण्यस्मिन्क्षत्रे स्यामाशिष्यस्यां पुरोधायामस्मिन्कर्मण्यस्यां देवहूत्या स्वाहा। इदं चन्द्रमसे नक्षत्राणामधिपतये० ॥६॥ ओं बृहस्पतिर्ब्रह्मणोऽधिपतिः समावत्वस्मिन् ब्रह्मण्यस्मिन्क्षत्रे स्यामाशिष्यस्यां पुरोधायामस्मिन्कर्मण्यस्यां देवहूत्या स्वाहा। इदं बृहस्पतये ब्रह्मणोऽधिपतये० ॥७॥ ओं मित्रः सत्यानामधिपतिः समावत्वस्मिन् ब्रह्मण्यस्मिन् क्षत्रे स्यामाशिष्य-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्यां पुरो धायामस्मिन्कर्मण्यस्यां देवहू-
त्या ँ स्वाहा । इदम् मित्राय सत्यानाम-
धिपतये० ॥८॥ ओं वरुणोऽपामधिपतिः
समावत्वस्मिन्ब्रह्मण्यस्मिन् क्षत्रे स्यामा-
शिष्यस्यां पुरोधायामस्मिन्कर्मण्यस्यां
देवहूत्या ँ स्वाहा । इदं वरुणाय अपाम-
धिपतये० ॥९॥ ओं समुद्रः स्रोत्यानाम-
धिपतिः समावत्वस्मिन् ब्रह्मण्यस्मिन्क्षत्रे
स्यामाशिष्यस्यां पुरोधायामस्मिन्कर्मण्य
स्यां देवहूत्या ँ स्वाहा । इदं समुद्राय
स्त्रोत्यानामधिपतये० ॥१०॥ ओं अन्न ँ
साम्राज्यानामधिपतिः समावत्वस्मिन्
ब्रह्मण्यस्मिन्क्षत्रे स्यामाशिष्यस्यां पुरो-
धायामस्मिन्कर्मण्यस्यां देवहूत्या ँ स्वाहा।
इदमन्नाय साम्राज्यानामधिपतये० ॥११॥
ओं सोम ओषधीनामधिपतिः समावत्व-
स्मिन् ब्रह्मण्यस्मिन्क्षत्रे स्यामाशिष्यस्यां
पुरोधायामस्मिन्कर्मण्यस्यां देवहूत्या ँ
स्वाहा । इदं सोमाय ओषधीनामधिपतये०

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ १२ ॥ ओं सविता प्रसवानामधिपतिः समावत्वस्मिन् ब्रह्मण्यस्मिन्क्षत्रे स्यामा-पुरोधायामस्मिन्कर्मण्यस्यां देवहूत्वा स्वाहा इदं सवित्रे प्रसवानामधिपतये०॥१३॥ ओं रुद्रः पशूनामधिपतिः समावत्वस्मिन्ब्रह्मण्यस्मिन्क्षत्रे स्यामाशिष्यस्यां पुरोधायामस्मिन्कर्मण्यस्यां देवहूत्या स्वाहा। इदं रुद्राय पशूनामधिपतये०॥१४॥

(अथ प्रणीतोदकस्पर्श)

फिर प्रणीता जल को हाथ लगावें।

ओं त्वष्टा रूपाणामधिपतिः समावत्वस्मिन्ब्रह्मण्यस्मिन्क्षत्रे स्यामाशिष्यस्यां पुरोधायामस्मिन्कर्मण्यस्यां देवहूत्या स्वाहा। इदं त्वष्ट्रे रूपाणामधिपतये० ॥ १५ ॥ ओं विष्णुः पर्वतानामधिपतिः समावत्वस्मिन्ब्रह्मण्यस्मिन्क्षत्रे स्यामाशिष्यस्यां पुरोधायामस्मिन्कर्मण्यस्यां देवहूत्या स्वाहा। इदं विष्णवे पर्वतानामधिपतये० ॥ १६ ॥ ॐ मरुतो गणानामधिपतयेः समावत्वस्मिन् ब्रह्मण्यस्मिन्क्षत्रे

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्यामाशिष्यस्यां पुरोधायामस्मिकर्मण्य-स्यां देवहूत्या ँ स्वाहा । इदं मरुद्भ्यो गणानामधिपतिभ्यः० ॥१७॥ ओं पितरः पितामहाः परेवरेततास्ततामहाइहमाव-न्त्वस्मिन् ब्रह्मयस्मिन्क्षत्रे स्यामाशिष्य-स्याँ पुरोधायामस्मिन् कर्मण्यस्यां देवहूत्या ँ स्वाहा इदं पितृभ्यः पितामहेभ्यः परे-भ्यो वरेभ्यस्ततेभ्यस्ततामहेभ्यः० ॥१८॥

(अत्र प्रणीतोदकस्पर्शः)

फिर प्रणीता के जल को छूवे ।

(इत्यभ्याताननामहोमः) ये अभ्यातान नाम आहुति हैं ।

(अथाज्य होमः) ये भी घी की आहुति दें ।

ओं अग्निरैतु प्रथमो देवताना ँ सोऽस्यै प्रजा मुञ्चतु मृत्युपाशात् । तदय ँ राजावरुणोनुमन्यतां यथेय ँ स्त्रीपौत्रमघन्न रोदात्स्वाहा । इदमग्नये० ॥१॥ ओं इमाम-ग्निस्त्रायतां गार्हपत्यः प्रजामस्यै नयतु दीर्घमायुः । अशून्योपस्था जीवतामस्तु माता पौत्रमानन्दमभिप्रबुध्यतामिय ँ

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्वाहा । इदम॒ग्नये० ॥२॥ ओं स्वस्ति नोऽ-ग्नेदिवा पृथिव्या विश्वानि धेह्यऽयथायजत्र । यदस्या महि दिवी जातं प्रशस्तं तदस्मासु द्रविणं धेहिचित्रँ स्वाहा । इदमग्नये० ॥ ३ ॥ ॐ सुगन्नु पंथां प्रदिशन्न एहि ज्योतिष्मद्धे ह्यजरन्न आयुः । अपेतु मृत्यु रमृतं न आगाद्वैवस्वतो नोऽभयं कृणोतु स्वाहा । इदमग्नये० ॥४॥ (अथान्तर्पट)

कन्या, वर दोनों को एक वस्त्र से ओट करके, पाधा अग्नि में नीचे लिखे मन्त्र को मन में पढ़कर, आहुति छोड़े ।

ॐ परं मृत्योऽनुपरेहि पंथा यस्तेऽन्य इतरो देवयानात् । चक्षुष्मते शृण्वते ते ब्रवीमि मा नः प्रजाँ रीरिषो मोत वीरान् स्वाहा । इदं वैवस्वताय० ॥५॥

फिर उस वस्त्र की ओट हटा ले ।

(अत्र प्रणीतोदकस्पर्शः) प्रणीता के जल को छूये ।

(अनेन वाऽयम् होमः) इस रीति से हवन करे ।

(अथ लाजाहुतिः) अब खीलों की आहुति दे ।

ततो वधूमग्रतः कृत्वा वधूवरौ प्रङ्मुखौ स्थितौ भवतः ।

* ततो वरांजलिपुटोपरिसंलग्नवध्वंजलिघृताभिधारित

* कन्या का भाई उस छाज को लेकर अग्नि से ईशान कोण में खड़ा हो । कन्या वर के हाथ में खील देवे वे उन्हें अग्नि में छोड़ें ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वधूभ्रातृदत्त शमी---

पलाशमिश्रैर्लाजावधू कर्तृको होमः ।

लड़की को अगाड़ी करे, वर का पीछे पूर्व की तरफ मुंह रहे, वर की अञ्जलि पर कन्या की अञ्जलि रखकर कन्या का भाई, वर और कन्या दोनों के हाथ में, छाज में से खील और जांड के पत्ते और ढाक की समिधा घी में भिगोकर दे। वे अग्नि में नीचे के मन्त्र से पहली आहुति दें।

ओं अर्यमणं देव कन्या अग्निमयक्षत । स नो अर्यमा देवः प्रेतो मुञ्चतु मा पतेः स्वाहा । इदमर्यम्णे ॥१॥

इसी प्रकार नीचे लिखे मन्त्र से दूसरी आहुति दें।

ॐ इयं नार्य्युपब्रूते लाजानावपंतिका । आयुष्मानस्तु मे पतिरेधन्तां ज्ञातयो मम स्वाहा । इदमग्नये० ॥२॥

इसी प्रकार नीचे लिखे मन्त्र से तीसरी आहुति दे।

ॐ इमांल्लाजानावपाम्यग्नौ समृद्धिकरणं तव । मम तुभ्यञ्च संवननं तदग्निरनुमन्यतामियँ स्वाहा इदमग्नये० ॥३॥

(ततो वधू दक्षिणहस्तं सांगुष्ठं गृह्णाति वरः)

वर कन्या के सीधे हाथ का अंगूठा अपने सीधे हाथ में थाम कर ये नीचे लिखे मन्त्र पढ़े।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ॐ गृभ्णामि ते सौभाग त्वाय हस्तं मया पत्या जरदष्टिर्यथासः । भगोऽर्यमा सविता पुरंधिर्मह्यं त्वादुर्गार्हपत्याय देवाः ॥४॥

अमोहमस्मि सा त्वँ सात्वमस्यमोहऽम् । सामाहमस्मि ऋक्त्वं द्यौरहं पृथिवी त्वम् ॥५॥

तावेव विवहावहै सह रेतो दधावहै प्रजां प्रजनयावहै पुत्रान् विन्दावहै बहून् ॥६॥ ते सन्तु जरदष्टयः संप्रियौ रोचिष्णू सुमनस्यमानौ पश्येम शरदः शतञ्जीवेम शरदः शतँ शृणुयाम शरदः शतमिति ॥७॥

(अथ वधूमग्रेऽवतः प्राङ्मुखः पूर्वोपकल्पितदृषदुपलोपरि दक्षिणपादेनारोहयति वरः)

कन्या अगाड़ी होकर उत्तर में जो पाषाण (बाट) रक्खा है। अपने सीधे पैर का अंगूठा इस मन्त्र से पूर्वमुख हो उसके लगावे।

ॐ आरोहेमम्मानमश्मेव त्वँ स्थिरा भव । अभितिष्ठ पृतन्यतोऽवबाधस्व पृतनायतः ॥ इति ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(अथ गाथां गायति)

वर ऐसा कहे हम स्त्रियों का जो उत्तम पतिव्रतादि यश है, उसका गान करते हैं।

ओं सरस्वति प्रेदमव सुभगे वाजिनीवति।
यां त्वा विश्वस्य भूतस्य प्रजायामस्याग्रतः ॥१॥
यास्यां भूतं ँ समभवद्यस्यां विश्वमिदं जगत्।
तामद्य गाथां गास्यामि या स्त्रीणामुत्तमं यशः इति ॥२॥
(ततोऽग्रे वधूः पश्चाद्वरः प्रणीता ब्रह्म सहित मग्निप्रद क्षिणं कुरुतस्ततो वरपठनीयो मन्त्रः)

कन्या अगाड़ी वर पिछाड़ी ब्रह्मा तथा प्रणीता सहित अग्नि की इस मन्त्र से परिक्रमा करे।

ॐ तुभ्यमग्ने पर्य्यवहन्त्सूर्या वहतु ना सह। पुनः पतिभ्यो जायांदाग्ने प्रजया सहेति (पठन् परिक्रमेत)

अब पहली परिक्रमा करावे (अर्थात् फेरा) पहिला फेरा हुआ।
(पुनरेवं विधाय) फिर इन अगले मन्त्रों से पूर्व अनुसार

ॐ अर्य्यमणं देवं कन्या अग्निमयक्षत। स नो अर्य्यमा देवः प्रेतो मुञ्चतु मापतेः स्वाहा। इदमर्य्यम्णे ॥१॥

पहला आहुति अग्नि में छोड़ दे फिर सब वस्तु ले।

ॐ इयं नार्य्युपब्रूते लाजानावपंतिका

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आयुष्मानस्तु मे पतिरेधन्तां ज्ञातयो मम स्वाहा। इदमग्नये० ॥२॥

दूसरी आहुति अग्नि में छोड़ दे, फिर सब वस्तु ले।

ओं इमांल्लाजानावपाम्यग्नौ समृद्धिकरणं तव। मम तुभ्यं च संवननं तदग्निरनुमन्यताम्मियँ स्वाहा। इदमग्नये० ॥३॥ तीसरी आहुति अग्नि में छोड़ दे।

(ततो वधूदक्षिणहस्तसांगुष्ठं गृह्णाति वरः)

वर कन्या के सीधे हाथ का अंगूठा दुवारा अपने सीधे हाथ में थामकर ये मन्त्र पढ़े।

ॐ गृभ्णामि ते सौभगत्वाय हस्तं मया पत्या जरदष्टिर्यथासः। भगोऽर्यमा सविता पुरंधिर्मह्यं त्वादुर्गार्हपत्यायदेवाः॥४॥ अमोहमस्मि सात्वँ सात्वमस्यमोऽहम्। सामाहमस्मि ऋक् त्वं द्यौरहं पृथिवी त्वम्॥ ५॥ तावेव विवहावहै सह रेतो दधावहै बहून्॥ ६॥ ते सन्तु जरदष्टयः संप्रियौ रोचिष्णू सुमनस्यमानौ पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतँ शृणुयाम शरदः शतमिति ॥७॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(अथ वधूमग्रेमुत्तरतः प्राङ्मुखः पूर्वोक्तल्पित दृषदु-पलं दक्षिणपादेनारोहयति वरः)

कन्या इस मन्त्र से पूर्व को मुंह करके अगाड़ी होकर अपने सीधे पैर का अंगूठा (पाषाण) वाट के लगावे (सुमेरुपर्वत)।

ओं आरोहेमश्मानमश्मेव त्वँ स्थिरा भव । अभितिष्ठ पृतन्यतो ऽवबाधस्व पृतनायतः। (अथ गाथां गायन्ति)

हम उसका गान करते हैं जो स्त्रियों का उत्तम पतिव्रतादि यश है।

(ओं सरस्वति प्रेदमव सुभगे वाजिनीवति ॥ इत्यादि ॥ (ततोग्रे वधू पश्चाद्वरःप्रणीता ब्रह्मासहितमग्निंपरिक्षिणां (कुरुतस्ततो वरपठनीयो मन्त्रः)

कन्या अगाड़ी वर पिछाड़ी ब्रह्मा वा प्रणीता सहित अग्नि की परिक्रमा करे और यह मन्त्र पढ़े।

ओं तुभ्यमग्ने पर्य्यवहन्सूया वहतु ना सह। पुनः पतिभ्यो जाया दा अग्ने प्रज-या सहेति (पठन् द्विवारं परिक्रमत्)

यह ऊपर का मन्त्र पढ़कर दूसरी परिक्रमा करवावे, दूसरा फेरा हुआ। (पुनरेवं विधाय) खील और जांड़ के पत्ते बलकड़ी देकर कन्या को अगाड़ी वर को पिछाड़ी करके इन मन्त्रों से पूर्वानुसार फिर तिबारा आहुति दिलवावे।

ओं अर्यमणं देवं कन्या अग्निमयक्षत।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स नो अर्य्यमा देवः प्रेतो मुञ्चतु मा पतेः स्वाहा। इदमर्यम्णे ॥१॥ पहली आहुति दे।

दूसरी आहुति देने के लिए सब वस्तु हाथ में लेकर यह मन्त्र पढ़े।

ओं इयं नार्य्युपब्रूते लाजानावपंतिका आयुष्मानस्तु मे पतिरेधन्तां ज्ञातयो मम स्वाहा। इदमग्नये० ॥२॥

दूसरी आहुति अग्नि में छोड़े। अब तीसरी आहुति देने के लिए सब वस्तु हाथ में ले, यह नीचे लिखा मन्त्र पढ़े।

ओं इमांल्लाजानावपाम्यग्नौ समृद्धि-करणं तव। मम तुभ्यं च संवननं तदग्नि-रनुमन्यताम्मियँ स्वाहा। इदमग्नये०॥३॥

तीसरी आहुति अग्नि में छोड़े।

(ततो वधूदक्षिणहस्तंसांगुष्ठंम् गृह्णाति वरः)

वर कन्या के सीधे हाथ का अंगूठा तिबारा अपने सीधे हाथ में थामकर नीचे लिखा मन्त्र पढ़े।

ॐ गृभ्णामि ते सौभगत्वाय हस्तं मया पत्या जरदष्टिर्यथासः। भगोऽर्यमा स-विता पुरंधिर्मह्यं त्वादुर्गार्हपत्याय देवाः ॥४॥ अमोहमस्मि सा त्वँ सा त्व मस्यमोऽहम्। सामाहमस्मि ऋक्त्वं

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

द्यौरहं पृथिवी त्वम् ॥५॥ तावेव विवाहावहै सह रेतो दधावहै प्रजां प्रजनयावहै पुत्रान् विन्दावहै बहून् ॥६॥ ते सन्तु जरदष्टयः संप्रियौ रोचिष्णू सुमनस्यमानौ पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतँ शृणुशरदः शतमिति ॥७॥

(अथ वधूमग्रे रुत्तरतः प्राङ्मुखो पूर्वापकल्पित दृषदुपलं दक्षिणपादेनारोहयति वरः)

कन्या अगाड़ी होकर उत्तर में जो पाषाण (बाट) रक्खा है अपने सीधे पैर का अंगूठा, पूर्वाभिमुख हो उसके लगावे ।

ओं आरोहेममश्मानमश्मेव त्वं स्थिरा भव । अभितिष्ठ पृतन्यतो ऽवबाधस्व पृतनायतः (अथ गाथां गायन्ति)

हम उसका गान करते हैं जो स्त्रियों का उत्तम पतिव्रतादि यश है ।

ओं सरस्वति प्रेदमव सुभगे वाजिनीवति ॥ इत्यादि ॥

ततोऽग्रे वधू रुपश्चाद्वरः प्रणीताब्रह्मासहितमग्निप्रदक्षिणं कुरुतस्ततो वरपठनीयो मन्त्रः)

कन्या अगाड़ी, वर पिछाड़ी, ब्रह्मा तथा प्रणीता सहित अग्नि की परिक्रमा करे, वह यह मन्त्र पढ़े ।

ओं तुभ्यमग्नेपर्य्यवहन्त्सूर्या वहतुना सह ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पुनः पतिभ्यो जायां दाग्ने प्रजया सहेति (पठन् परिक्रमेत्)

[पुनरेवं तृतीयां परिक्रमां कुर्यात्]

फिर तीसरी परिक्रमा करे ।

[सांगुष्ठहस्तग्रहणत्रयं अश्मारोहणत्रयं गाथा गानत्रयं अग्नि–प्रदक्षिणत्रयं च [संपद्यते]

हाथ भी तीन बार ग्रहण हो चुका अश्मारोहण (बाट) भी हो चुका पाधा गाथा भी कह चुका, अग्नि की परिक्रमा भी तीन हो चुकी ।

[ततोऽवशिष्टलाजैः कन्याभ्रातृदत्ते रंजलिस्थशूर्पकोणेन वधूर्जुहोति]

बची हुई जो खील है कन्या का भाई छाज की कोण से कन्या के हाथों पर रक्खे और कन्या अग्नि में उसकी आहुति दे

ओं भगाय स्वाहा । इदं भगाय० ॥

[अथाग्रे वरः पश्चात् वधूस्ततः तूष्णीमेव चतुर्थपरिक्रमणं कुरुतः]

फिर कन्या को पीछे और वर को अगाड़ी कर अग्नि की चुपचाप परिक्रमा करावे । इति चौथा फेरा समाप्त ।

(ततो वरश्च कन्या च उपविश्य ब्रह्मणान्वारब्धः)

वरकन्या दोनों अपने अपने आसन पर बैठ जायें फिर पाधा कुशा के ब्रह्मा से मिले अर्थात् कुशा अपने घोटे से ब्रह्मा तक मिला लेवे ।

[आज्येन प्रजापत्यं जुहुयात्]

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

फिर पाधा अग्नि में घी की आहुति दे।

ओं प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये०। इति मनसा० यह आहुति मन में बोले।

[अत्र प्रोक्षणीपात्रे आहुति शेषाज्यप्रक्षेपः]

स्रुवे से प्रोक्षणी पात्र में घी का छींटा दे।

तत आलेपनेनोत्तरोत्तर कृतसप्तमण्डलेषु सप्तपदाक्रमणं वरः कारयेत्।

अब पाधा पृथ्वी पर ७ जगह चावल धरे। वर धीरे दक्षिण से उत्तर की तरफ बराबर बराबर। फिर वर कन्या दोनों उत्तराभिमुख खड़े हो जावें। वर से कन्या दाहिने भाग में होवे। एक-एक पद के बढ़ने के साथ अपना-अपना सीधा पांव आगे धरें, पहले वर पीछे कन्या। जिस जगह से सीधा पैर उठाया है उसी जगह बायां पैर धरते जावें और धीरज से उत्तर की तरफ को चलते जावें।

*** (तत्र एकामिषे विष्णुस्त्वानयतु)**

वर कन्या से ऐसा कहे कि—

सखे पत्नी! विष्णु स्वरूप मैं घर के अन्नादिक के लिए तेरा एक पद रखता हूं अर्थात् घर में मेरे अन्नादि की मालकिन तू है।

(द्वे ऊर्ज्जे विष्णु स्त्वानयतु)

हे सखे! पत्नी दूसरे तेरा भी यश बढ़े (किमर्थं) काहे के अर्थ उर्ज्जे नाम (बलाय) तू बलवती हो। इसलिए तेरा दूसरा पद रखता हूं।

(त्रीणि रायस्पोषाय विष्णुस्त्वानयतु)

३—तेरा भी यश बढ़े किमर्थं काहे के अर्थ, (रायस्पोषाय) और धन को वृद्धि हो, तीसरा पद रखवाता हूं।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(चत्वारि मायो भवाय विष्णुस्त्वानयतु)

४–तेरा यश बढ़े (किमर्थं) काहे के अर्थ, (मायोभवाय) सुविद्या रूपी माया का सुख प्राप्त हो। चौथा पद रखवाता हूं।

(पंच पशुभ्यो विष्णुस्त्वानयतु)

५–तेरा यश बढ़े (किमर्थं) काहे के अर्थ, (गवादिभ्यःपशुभ्यः) गौ आदि पशुओं को भी सुख प्राप्त हो। पांचवां पद रखवाता हूं।

(षड् ऋतुभ्यो विष्णुस्त्वानयतु)

६–तेरा भी यश बढ़े (किमर्थं) काहे के अर्थ (षड्ऋतुभ्यः) छहों ऋतुओं में तुझको सुख प्राप्त हो। छठा पद रखवाता हूं।

(सखेसप्तसदा भव सा मामनुव्रता भव विष्णुस्त्वानयतु)

